**चकाजाम** कार्यादेश जारी होने के बावजूद 3 वर्षों में नहीं बनी सड़क, 7 वर्षों से अधूरा पड़ा शवदाह टीनशेड का निर्माण

# नप की कार्यप्रणाली से खफा वार्डवासियों ने मुख्यमार्ग पर लगाया जाम



**डिंडोरी, नवभारत 21 अप्रैल।** मंगलवार के दिन वार्ड क्रमांक 1 के रहवासियों ने नगर परिषद डिंडोरी की कार्यप्रणाली से खफा हो मुख्यमार्ग पर लगभग आधे घंटे तक जाम लगा दिया। एसडीएम रामबाबू देवांगन मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों की मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर लोगों ने जाम खोला।

इस दौरान एसडीएम रामबाबू ने मौके पर मौजूद अधिकारियों की जमकर खोज खबर भी ली और शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। हालांकि जाम के दरमियान थाना कोतवाली और यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंच फौरी तौर पर मोर्चा संभाल रूट डायवर्ट कर दिया था, जिसके चलते जाम स्थल के आसपास वाहनों की कतार नहीं लग पाई।

### कुल आठ सड़कों का निर्माण किया जाना था

बता दें कि नगर परिषद डिंडोरी द्वारा कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के वार क्रमांक 12, 11, 6, 13, 5, 10, 12 में 1 करोड़ 28 लाख, 50 हजार 400 रूपये की लागत से 7 सीसी सड़कों और वार्ड क्रमांक 1 में बीटी सड़क के निर्माण सहित कुल आठ सड़कों का निर्माण किया जाना था, जिसमें बाकी वार्डों की सड़के तो बन गई, लेकिन बीते ढाई वर्षों में कार्यादेश जारी होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा सड़क नहीं बनाई जा सकी क्यों? यह जांच का विषय है।

### प्रशासन ने प्रकाशित खबर को किया नजरअंदाज

यह बताना भी बेहद आवश्यक है कि उक्त सड़क निर्माण में की जा रही उपेक्षा को लेकर नवभारत द्वारा शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाने के लिए 16 फरवरी को भी विशेष खबर प्रकाशित की गई थी, लेकिन प्रशासन द्वारा खबर को नजरअंदाज किया गया, जिसके चलते यह स्थिति निर्मित हुई।

### क्यों नहीं बन रहा मुक्तिधाम मार्ग?

वार्डवासियों की माने तो मुख्य मार्ग से ही कॉलेज बाउंड्रीवाल के नजदीक से मुक्तिधाम मार्ग का निर्माण किए जाने भी ठेकेदार को कार्यादेश जारी हुए महीनों बीत चुके है,लेकिन ठेकेदार ने कार्य आज तलक शुरू नहीं किया, जिसके चलते स्थानीय रहवासियों को बदहाल मुक्तिधाम पहुंच मार्ग का इस्तेमाल करने विवश होना पड़ रहा है।

### शवदाह टीन शेड भी अधूरा

जाम खोलने उपरांत जब एसडीएम रामबाबू देवांगन स्थानीय रहवासियों के साथ वार्ड का निरीक्षण कर रहे थे, तो वार्डवासी उन्हें मुक्तिधाम पहुंच मार्ग से शवदाह टीन शेड दिखाने भी ले गए, जो पिछले छह-सात वर्षों से अधूरा पड़ा है। वार्ड के अधूरे पड़े निर्माण कार्य नप डिंडोरी की मनमानी बयां करने के लिए काफी है।

### गंदगी से बजबजा रहा वार्ड

जब एसडीएम रामबाबू वार्ड का निरीक्षण कर रहे थे तो वार्डवासियों उनके सामने खुलकर वार्ड के हालात बयां किए। चहुंओर फैली गंदगी, धूल के गुबार से सनी सड़के और गंदगी से बजबजाती नालियां वार्ड की उपेक्षा स्पष्ट तौर पर बयां कर रही थी।

**इनका कहना है**

मुख्यमार्ग से इमलीकुटी मार्ग का कार्यादेश जारी हुए लगभग ढाई वर्ष हो चुके है, बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इसकी शिकायत मेरे द्वारा बार-बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी और कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन जबलपुर को प्रेषित की गई, किंतु कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके लिए मै संबंधित अधिकारियों को दोषी मानता हूं।

**भागीरथ उरैती, पार्षद, वार्ड क्रमांक- 1**

कायाकल्प 2.0 अंतर्गत वार्ड नंबर-1 में बीटी मार्ग स्वीकृत है, जिसमें पहले लोकायुक्त का प्रकरण था। उस तारतम्य में अगस्त 2025 और मार्च 2026 में कार्यपालन यंत्री संयुक्त संचालक से भी पत्राचार किया गया था और मौखिक तौर पर भी चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रकरण का जब तक निराकरण नहीं हो जाता तब तक कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाए, जिससे जांच प्रभावित हो। केवल इसी कारण से यह काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यदि जरूरत पड़ी तो हम स्वयं जबलपुर जाकर के संबंधितों को वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे और पूरा प्रयास होगा कि शीघ-अतिशीघ्र कार्य को प्रारंभ किया जा सके।

**अमित तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद**




# स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को अब मिलेगा शीतल पेयजल

**चिल्हारी नवभारत 21 अप्रैल।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस चन्देल के निर्देशानुसार एवं अमरपुर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी भूपेन्द्र पांडे के प्रयास से चिकित्सालय प्रांगण में मरीजों गरीबों व राहगीरों को तेज गर्मी से प्याऊ की व्यवस्था की गई।

श्री पांडेय ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बहुत ही आवश्यक कार्य होने पर ही धूप में घरों से बाहर निकले अन्यथा सुबह 11 से शाम 4 बजे तक घरों में रहे। तपन ज्यादा हो रही है और लू लगने की सम्भावना है।

### हैंडपंप खराब होने से पेयजल की भारी समस्या



चिल्हारी नवभारत 21 अप्रैल। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के सामने लगा हैन्ड पम्प विगत कई दिनों से बिगड़ा हुआ है, जिसके कारण औषधालय में उपस्थित मरीजों एवं राहगीरों तथा मोहल्ले में निवासरत गरीबों को पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आयुर्वेदिक औषधालय में पदस्थ डॉ. प्रदीप पटेल का कहना है कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा शुद्ध पेयजल का उपयोग करें। खूब पानी पिएं और धूप में बाहर नहीं निकले।



# सुपरवाइजर व प्रगणकों के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू

**जनगणना वर्ष 2026-27 की तैयारियां तेज**

**शहपुरा नवभारत 21 अप्रैल।** जनगणना वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के सुपरवाइजर एवं प्रगणको के द्वितीय बैच का 3 दिवसीय प्रशिक्षण 21 से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में आरम्भ हुआ।

उक्त प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा द्वारा समस्त प्रशिक्षार्थी को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। इसके साथ ही उक्त कार्य को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने एवं सभी के द्वारा टीम भावना से कार्य करने, भीषण गर्मी में कार्य के साथ साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

**मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश**-श्री वर्मा द्वारा उक्त प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारी से सर्व मास्टर ट्रेनर, सर्व प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षण अवधि के दौरान मूलभूत सुविधाएं प्रदाय करने संबंधी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही 16अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य आमजनों के द्वारा स्वगणना हेतु प्रचार प्रसार एवं सभी को स्वगणना हेतु प्रेरित करने के निर्देश प्रदाय किए गए।

**ग्राम भीमडोंगरी में स्व-जनगणना का कार्य पूर्ण**-गौरतलब है कि ग्राम भीमडोंगरी में शत-प्रतिशत स्व-जनगणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके लिए श्री वर्मा द्वारा सम्बंधित हल्का पटवारी, प्रगणक, मोबलाइजर एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग की सराहना की गई एवं सभी प्रगणकों को इस कार्य हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान आरपी मार्को तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी द्वारा समस्त प्रगणकों को फील्ड में आवश्यक सहयोग एवं सुपरवाइजर द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन देने की बात कही गई।

# सूने मकान से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**मानपुर के वार्ड क्रमांक 5 में चोरी की बड़ी घटना**

**उमरिया नवभारत 21 अप्रैल।** नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 5 में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए नगदी और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड निवासी डॉ. अशोक द्विवेदी कुछ समय से घर से बाहर थे। इसी दौरान बीती रात चोरों ने उनके सूने मकान को निशाना बनाया। चोर मुख्य गेट से अंदर घुसे और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घर में रखी करीब 45 हजार रुपये की नगदी तथा कीमती सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।

### क्षेत्र में दहशत का माहौल

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिजनों ने तत्काल मानपुर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इन शातिर चोरों का सुराग लग पाता है और चोरी का खुलासा हो पाता है।





# अजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं से की संगठनात्मक चर्चा

**जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो . नईम के निवास में बैठक आयोजित**

**नवभारत उमरिया 21 अप्रैल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने उमरिया दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो. नईम के निवास पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। दौरे के क्रम में अजय सिंह का एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मो. असलम शेर एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्वर्गीय अर्जुन सिंह का फोटो फ्रेम सप्रेम भेंट किया गया।


**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मो. असलम शेर जिला अध्यक्ष, मो. जुनैद, अब्दुल साबित, कृष्ण कांत तिवारी, मो. मंसूर, नसरीन बानो, रोहनी श्याम, शीतल कुशवाहा, खुशी मोगरे, आकाश द्विवेदी, मोसिम खान, कासिम खान, आकाश प्रजापति, विकास प्रजापति, साजिद खान, शाकिर मंसूरी,सहित एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 20 वर्ष का कारावास

**न्यायालय का सख्त फैसला पीड़िता को 1 लाख मुआवजा**

**नवभारत, बुढार/धनपुरी।** अपर सत्र न्यायालय बुढार के न्यायाधीश सुशील अग्रवाल ने एक संवेदनशील मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह निर्णय 20 अप्रैल को सत्र प्रकरण क्रमांक 32/2025 में सुनाया गया, जिसमें आरोपी इस्त्याक उर्फ सानू को बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (क्क्षष्टस्ह्र ष्ह्र) की धारा 5(एम)/6 के तहत दोषी पाया गया।

इसके साथ ही भारतीय दंड संहिता की धारा 127(2) एवं 351(2) के अंतर्गत भी एक-एक वर्ष के कारावास से दंडित किया गया। प्रकरण के अनुसार, 4 अप्रैल 2025 को पीड़िता की मां ने थाना धनपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 3 अप्रैल 2025 को शाम करीब 4 बजे उसकी 9 वर्षीय पुत्री पास की दुकान पर चिप्स लेने गई थी। वहीं आरोपी ने उसे दुकान के अंदर बुलाकर जबरन गलत हरकतें कीं। बच्ची के विरोध करने और रोने पर आरोपी ने उसे धमकाया कि वह किसी को कुछ न बताए। डर के कारण पीड़िता ने पहले घटना की जानकारी नहीं दी, लेकिन अगले दिन मां को घटना का पता चलने पर तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी के निर्देशन में उपनिरीक्षक द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की गई और साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और गवाहों का गहन परीक्षण किया। अभियोजन पक्ष ने घटना को संदेह से परे प्रमाणित किया, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने न केवल आरोपी को कठोर सजा सुनाई, बल्कि पीड़िता के पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए उसे एक लाख रुपये का मुआवजा विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के माध्यम से प्रदान करने का आदेश भी दिया। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी कुशलता से की गई, जिससे पीड़िता को न्याय मिल सका। न्यायालय का यह निर्णय समाज में यह स्पष्ट संदेश देता है कि बाल अपराधों के प्रति कानून सख्त है और ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।




# बैंकों व वित्तीय संस्थानों का पुलिस ने किया निरीक्षण

**आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए**

**नवभारत उमरिया 21 अप्रैल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों को बैंक एवं वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर बैंक, एटीएम एवं गोल्ड लोन प्रदान करने वाली वित्तीय संस्थाओं की सघन चेकिंग एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। उमरिया जिले अंतर्गत थाना कोतवाली उमरिया, चंदिया, इंदवार, मानपुर, नौरोजाबाद, पाली एवं समस्त पुलिस चौकियों के अंतर्गत आने वाले सभी राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक, एटीएम तथा गोल्ड लोन/वित्तीय संस्थानों का भौतिक निरीक्षण किया गया।




### कुछ बैंकों में सुरक्षा गार्ड रहे नदारद

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं का गंभीरता से निरीक्षण किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कैमरों की कवरेज, अलार्म सिस्टम, स्ट्रॉन्ग रूम सुरक्षा, प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता शामिल रही। निरीक्षण के दौरान कुछ बैंकों में सुरक्षा गार्ड की अनुपस्थिति पाई गई, जिस पर संबंधित बैंक प्रबंधन को तत्काल सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।


### संवेदनशील क्षेत्रों में की जा रही विशेष निगरानी

संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले बैंक क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना क़ो रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बैंक सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमित रूप से चेकिंग अभियान जारी रखा जाए।

**घोटाला** बिना टेंडर कार्य, महंगी खरीदी, घटिया निर्माण और अधूरी योजनाओं पर उठे सवाल

# नगर परिषद शहपुरा में करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग



**शहपुरा नवभारत 21 अप्रैल।** नगर परिषद शहपुरा इन दिनों कथित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। एक शिकायतकर्ता द्वारा कलेक्टर डिंडोरी को सौंपे गए आवेदन में परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री और ठेकेदारों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में शासकीय धन के दुरुपयोग, नियमों की अनदेखी और विकास कार्यों में व्यापक अनियमितताओं के पुख्ता साक्ष्य होने का दावा किया गया है। शिकायत के अनुसार नगर परिषद द्वारा विभिन्न कार्यों में उपयोग की गई सामग्री मूल कीमत से 5 से 8 गुना अधिक दरों पर खरीदी गई। इससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचने की बात कही गई है।

### बिना टेंडर स्वागत द्वार का किया निर्माण

नगर में बनाए गए पांच स्वागत द्वारों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। आरोप है कि इनका निर्माण बिना वैधानिक टेंडर प्रक्रिया के कराया गया और लागत वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक दिखाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्य में पारदर्शिता पूरी तरह से गायब रही।

### साइन बोर्ड खरीदी में गड़बड़ी

नगर में लगाए गए साइन बोर्ड की खरीदी में भी अनियमितता का आरोप है। शिकायतकर्ता के मुताबिक बिना टेंडर प्रक्रिया के अत्यधिक दरों पर सामग्री खरीदी गई, जिससे जनता के पैसे का दुरुपयोग हुआ।

### सीसी रोड निर्माण पर उठे सवाल

मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत बनाए गए सीसी रोड की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे हैं। कई स्थानों पर सड़कें निर्माण के कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो गईं। आरोप है कि निर्माण की मोटाई और गुणवत्ता में कमी रखी गई तथा माप पुस्तिका में फर्जी इंद्राज किए गए।

### चन्नी तालाब सौंदर्यीकरण अधूरा

अमृत 2.0 योजना के तहत वार्ड क्रमांक 13 स्थित चन्नी तालाब के सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कार्य अधूरा बताया गया है। तालाब के आसपास गंदगी, अधूरी संरचना और जल निकासी की कमी प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है।

### पेयजल योजना भी फेल

नगर के 15 वार्डों में पेयजल आपूर्ति अब तक सुचारू नहीं हो पाई है। करीब 14 करोड़ रुपये की पाइपलाइन परियोजना के बावजूद कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच रहा। नागरिकों का कहना है कि मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।

### डबल भुगतान का आरोप

शिकायत में यह भी कहा गया है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत के नाम पर दोबारा भुगतान लिया गया, जबकि संबंधित सड़कें पहले ही अन्य योजनाओं के तहत बन चुकी थीं।

### जांच और कार्रवाई की मांग

नगरवासियों और शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, तकनीकी टीम से परीक्षण करवाने और वित्तीय ऑडिट कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई और शासकीय राशि की वसूली की भी मांग उठाई गई है। शिकायत में चेतावनी दी गई है कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती है तो मामला लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और उच्च न्यायालय तक ले जाया जाएगा।